भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 16.06.2022

रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार योजना–2022

रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) सभी भारतीयों के लिए हिन्दी में "रेल यात्रा वृतान्त पुरस्कार" प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है, जिसमें प्रथम पुरस्कार (एक) रु. 10,000, द्वितीय पुरस्कार (एक) रु. 8,000, तृतीय पुरस्कार (एक) रु. 6,000 तथा प्रेरणा पुरस्कार (पाँच) रु. 4,000 प्रत्येक तथा प्रशस्ति–पत्र दिया जायेगा।

रेल कर्मियों सहित जन साधारण के रेल यात्रा संबंधी अनुभव प्राप्त करने और उन अनुभवों के आधार पर रेलवे की सुविधाओं को और बेहतर बनाने तथा उनमें हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय स्तर पर रेल यात्रा वृतान्त प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, जिसमें हिन्दी में लिखे गये रेल कर्मियो सहित जन साधारण के रेल यात्रा संबंधी अनुभव मांगे गये हैं।

रेल यात्रा वृत्तांत हिन्दी भाषा में कम से कम 3000 शब्दों एवं अधिकतम 3500 शब्दों तक होना चाहिए। रेल यात्रा वृत्तांत डबल स्पेस में टाईप किया हुआ तथा चारो तरफ एक–एक इंच का हाशिया छूटा हुआ होना चाहिए। पृष्ठ क्रमानुसार अंकित होना चाहिए तथा शब्दों की कुल संख्या लिखी होनी चाहिए। वृतान्त के प्रारम्भ में कागज की पूरी एक सीट लगाई जाए जिस पर बड़े अक्षरों में नाम, पदनाम, आयु, कार्यालय अथवा निवास का पता, मातृ भाषा, मोबाइल नम्बर, ई–मेल तथा वृतान्त के शब्दों की संख्या आदि का उल्लेख किया जाना चाहिए।

इस योजना में भाग लेने वाले इच्छुक केन्द्रीय अथवा राज्य सरकार की सेवा में कार्यरत अधिकारी /कर्मचारी को इस आशय का घोषणा पत्र देना होगा कि उनके विरुद्धकिसी प्रकार का सर्तकता /अनुशासन एवं अपील नियम से संबंधित मामला लंबित या विचाराधीन नहीं है। जो आवेदक सरकारी सेवा में नहीं हैं,उन्हें इस आशय का घोषणा पत्र देना होगा कि उनके खिलाफ न तो किसी भी प्रकार का आपराधिक मामला चल रहा है और न ही किसी प्रकार की सजा भुगत रहे हैं। इसके अतिरिक्त सभी प्रतिभागियों को घोषणा में यह उल्लेख करना होगा कि ,–संबंधित रेल यात्रा वृतान्त मेरी मौलिक रचना है इसे किसी अन्य पुरस्कार योजना के अंतर्गत पुरस्कृत नहीं किया गया है।

प्रतियोगी अपनी प्रविष्टि दो प्रतियों में 31.08.2022 तक सहायक निदेशक, हिन्दी (प्रशिक्षण), कमरा नं. 536–डी, रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड), रायसीना रोड, नई दिल्ली–110001 को निरपवाद रूप से भिजवा दें । अंतिम तिथि के बाद प्राप्त प्रविष्टियों पर मंत्रालय द्वारा विचार नहीं किया जाएगा।

16/6/2022

(आर एन तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी